
अमर उजाला

Lalitpur News: नकली खाद बनाने की फैक्टरी का भंडाफोड़, 217 बोरियां बरामद



ललितपुर। शहर की सीमा से लगे ग्राम पनारी में पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास प्रशासन और कृषि विभाग की संयुक्त कार्रवाई में कथित तौर पर नकली खाद बनाने और उसे डीएपी के नाम पर बेचने का मामला सामने आया है। अधिकारियों की टीम ने मौके से 217 बोरियों में भरी खाद बरामद की। वहां डीएपी की खाली बोरियां, वजन करने का कांटा और बोरियों की सिलाई करने वाली मशीन भी मिली। कार्रवाई के दौरान तीन लोगों को मौके से पकड़ा गया, जबकि कुछ लोग टीम को देखकर भाग गए। प्रशासन ने मकान को सील कर दिया है और बरामद खाद के नमूने जांच के लिए भेजे जा रहे हैं।

Source: https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/lalitpur/fake-fertilizer-manufacturing-unit-busted-217-sacks-seized-lalitpur-news-c-131-1-ltp1005-164179-2026-10-01